Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 195 ▫ रायपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## स्कूल में ताला जड़कर धरने पर बैठे ग्रामीण, बच्चों की सुरक्षा को लेकर बाउंड्रीवाल बनाने की मांग

### भालू के हमले से भाई-बहन की हुई थी मौत



**कांकेर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के लारगांव मरकाटोला स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं होने और जंगली जानवरों के लगातार मंडराते खतरे के विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ दिया है और स्कूल के सामने धरने पर बैठ गए हैं।

ग्रामीणों के इस कड़े कदम के पीछे महज दो दिन पहले हुई एक दर्दनाक घटना है। गांव में भालू के अचानक हुए हमले में दो भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम और भारी दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने स्कूल में बाउंड्रीवॉल, चार फॉरेस्ट बिड गार्ड और अभी भी पहाड़ी में मौजूद अन्य भालू का रेस्क्यू करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि बीती रात भी गांव में भालू पहुंचा था और एक घर में घुसकर तोड़फोड़ मचाया है।

## सक्ती पुलिस की सख्ती 90 लाख की ऑनलाइन ठगी मामले में महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



**सक्ती, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** 90 लाख की ऑनलाइन ठगी मामले में सक्ती पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है. प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी होने का फायदा उठाते हुए आरोपी लोगों से ठगी किया करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला रेखा राठौर अपने परिचित लोगों को बैंक में गिरवी रखा सोना कम कीमत में दिलवाने का झांसा देती थी. इस झांसे में आकर सक्ती निवासी मूलचंद राठौर ने कई किस्तों में आरोपियों को 90 लाख का भुगतान किया. जब उसे ठगे जाने का अहसास हुआ, तो उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला रेखा राठौर के साथ उसके साथी अफरोज खान ओर सुभाष साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

## स्कूल गोलीबारी में आठ की मौत, 15 घायल

### वारदात से पहले आरोपी छात्र ने दादा-दादी को भी मारी थी गोली



**नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)।** थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को गोलीबारी हुई। जिसमें छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई घायल है। मरने वाले में तीन शिक्षकों और तीन छात्र शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार यह घटना थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के बाहरी इलाके में स्थित नोनथाबुरी जिले के देबसिरिन स्कूल में हुई। अधिकारियों ने बताया कि एक छात्र ने स्कूल में गोलीबारी की, जिसके बाद छात्र और शिक्षक भागने लगे। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 बजे हुई, जब पोह टेक तुंग फाउंडेशन के स्वयंसेवकों को प्रसिद्ध माध्यमिक विद्यालय के अंदर गोलीबारी की सूचना मिली।

समाचार प्रसारक चैनल 3 ने बताया कि इस हमले में 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। वहीं, छह मौतों की पुष्टि हो चुकी है। इस बीच, पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि मकसद की अभी जांच की जा रही है। लेकिन माना जा रहा है कि बंदूक छात्र के परिवार के किसी सदस्य से ली गई थी। हालांकि शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि स्कूल पहुंचने से पहले उसने अपने दादा-दादी को गोली मारी थी। आपातकालीन कर्मचारियों द्वारा प्रसारित तस्वीरों में, एम्बुलेंस के घटनास्थल पर पहुंचने के साथ ही छात्र स्कूल से बाहर निकलते हुए दिखाई दिए। घटना का लाइव प्रसारण भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, और सुरक्षाकर्मियों ने जनता से घटना का लाइव प्रसारण न करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों की देखभाल करने का आदेश दिया है। गोलीबारी के लगभग एक घंटे बाद घटनास्थल से मिली तस्वीरों में लोग स्कूल के बाहर खड़े होकर एक-दूसरे को सांत्वना देते हुए दिखाई दे रहे थे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### झारखंड के प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में उतरी सीजेपी, प्रतिनिधिमंडल पहुंच रहा रांची

**नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले छात्रों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई थी, जिसमें अभिजीत भी शामिल थे। इस बातचीत के बाद पार्टी को छात्रों की समस्याओं और उनकी मांगों की पूरी जानकारी मिल गई है। आशुतोष रांका ने कहा कि सीजेपी झारखंड सरकार से प्रदर्शनकारी छात्रों की सभी मांगें स्वीकार करने की अपील करती है।

### मेटा पर लगा 5,000 करोड़ रुपए का तगड़ा जुर्माना

**नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा जो इंस्टाग्राम और फेसबुक की मूल कंपनी है को न्यू मैक्सिको की एक अदालत ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने मेटा को अपने प्लेटफॉर्म्स के जरिए युवाओं की मानसिक सेहत को पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई के लिए 567 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 5,000 करोड़) का भुगतान करने का कड़ा आदेश दिया है।

## 'अधिराज' के मालिक का कारनामा

### बहन और जीजा को कारोबार में साझेदारी का झांसा देकर ठगे 1.25 करोड़ रुपए



**कांकेर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** अधिराज ट्रेडलिंक के नाम से एक समय कारोबार संचालित करने वाले शुभम सिंघल का बड़ा कारनामा सामने आया है. शुभम की बहन शिवांगी गर्ग ने तेलीबांधा थाने में अपने भाई पर कारोबार में पार्टनरशिप और दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 1.25 करोड़ रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है. यही नहीं फर्जी साइन कर उनके साथ उनके पति को साझेदारी फर्म से भी बाहर करने का भी आरोप लगाया है।

नागपुर के लॉ कॉलेज स्क्वायर निवासी शिवांगी गर्ग ने शिकायत में बताया कि भाई शुभम सिंघल और भाभी जया सिंघल ने साल 2020 में कारोबार के विस्तार और अधिक मुनाफे का भरोसा दिलाकर शिवांगी और उनके पति से अलग-अलग समय में नकद और बैंक के माध्यम से करीब 1.25 करोड़ रुपए का निवेश कराया गया. शुरुआत में विश्वास दिलाने के लिए उनके खाते में मुनाफे के नाम पर कुछ पैसे भी भेजे जाते रहे. बाद में निवेश की राशि वापस मांगने पर 4 अप्रैल 2025 को दंपती को दोनों फर्मों में भागीदार बनाया गया. लेकिन उसी दिन शुभम सिंघल ने खुद साझेदारी से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद मुनाफे का पैसा देना बंद कर दिया. जनवरी 2026 में रायपुर में हुई पारिवारिक बैठक में रकम लौटाने का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन भुगतान नहीं किया. शिवांगी गर्ग ने मामले की तह तक जाने के लिए रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स से सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज हासिल किए. पड़ताल में सामने आया कि 6 मार्च और 6 अप्रैल 2026 की पार्टनरशिप डीड में उनके कथित फर्जी हस्ताक्षर कर उन्हें दोनों फर्मों से रिटायर्ड दिखा दिया गया. पीड़िता का दावा है कि दोनों तारीखों पर वह रायपुर में मौजूद ही नहीं थीं।

## भारत की बेटियां संभाल रहीं युद्ध की कमान

### भावना कांत बनीं देश की पहली टॉप गन पायलट, कैप्टन शिवानी सहरावत ने संभाला सेना प्रमुख के एडीसी का पद



**नई दिल्ली, 7 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भारतीय सेना और वायुसेना में महिलाओं का बढ़ता पराक्रम अब केवल प्रेरणा की कहानी नहीं, बल्कि भारत की युद्ध शक्ति का नया चेहरा बन चुका है। भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर भावना कांत देश की पहली महिला 'टॉप गन' कॉम्बैट पायलट बन गई हैं, जबकि भारतीय सेना की कैप्टन शिवानी सहरावत सेना प्रमुख की पहली महिला एड-डी-कैंप नियुक्त हुई हैं। ये दोनों उपलब्धियां साबित करती हैं कि भारत की बेटियां अब सिर्फ सीमा की रक्षा ही नहीं कर रहीं, बल्कि युद्ध की रणनीति तय करने और सेना के नेतृत्व में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।

हम आपको बता दें कि भारतीय वायुसेना के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित फाइटर कॉम्बैट लीडर कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा कर स्क्वाड्रन लीडर भावना कांत ने इतिहास रच दिया है। ग्वालियर स्थित टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट में आयोजित यह 20 सप्ताह का कोर्स इतना चुनौतीपूर्ण माना जाता है कि इसमें केवल चुनिंदा लड़ाकू पायलटों को ही प्रवेश मिलता है। वायुसेना के महज लगभग एक प्रतिशत फाइटर पायलट ही इस स्तर तक पहुंच पाते हैं। यही कारण है कि इसकी तुलना अमेरिकी नौसेना के विश्वप्रसिद्ध टॉप गन कार्यक्रम से की जाती है।

## मलेरिया का कहर, सिम्स में बैगा महिला की मौत

**बिलासपुर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मलेरिया का कहर जारी है. कोटा क्षेत्र के औरापानी गांव निवासी 37 वर्षीय रेखा बैगा ने इलाज के दौरान सिम्स अस्पताल में दम तोड़ दिया. घटना ने क्षेत्र में मलेरिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य



विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, जांच में महिला रेखा बैगा की पुष्टि के बाद उसे गनियारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था. इसके बाद हालक गंभीर होने पर सिम्स रेफर किया गया था. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में भी मलेरिया का एक नया मरीज सामने आया. कोटा क्षेत्र में लगातार मलेरिया के मामले मिलने से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में कैंप लगाकर जांच और उपचार में जुटी हैं, लेकिन बैगा महिला की मलेरिया से हुई मौत ने विभाग की तैयारियों और रोकथाम के प्रयासों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि कांकेर में भी मलेरिया का कहर सामने आया था. तबीयत बिगड़ने के बाद 9 वर्षीय करीना विश्वकर्मा और 9 वर्षीय छात्र सुभाष कुमेटी की मौत हो गई थी. अब बिलासपुर के कोटा क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी महिला की मलेरिया से मौत हुई है।

## बाघ का आतंक: बैल को बनाया शिकार, वनकर्मियों से भी हुआ आमना-सामना, पकड़ने के लिए लगाए ट्रैप कैमरा



**मोहला-मानपुर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले में एक बार फिर बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. मानपुर ब्लॉक के औंधी (नवागांव) उप वन परिक्षेत्र अंतर्गत निडेली गांव में बाघ ने बैल पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल बैल का वन विभाग ने इलाज कराया, लेकिन बाघ के पंजों से बुरी तरह जख्मी होने के कारण उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई, जब किसान अपने खेत में जोताई कर रहा था. इसी दौरान खेत से कुछ दूरी पर मौजूद उसके बैल पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया. घटना के बाद मौके पर पहुंचे वन अमले ने जांच के दौरान बाघ के पगमार्क भी बरामद किए. घटना के बाद इलाके में पहुंचकर गश्त कर रहे वन कर्मियों से बाघ का बहुत करीबी सामना हुआ है. हालांकि इससे पहले कि बाघ इन वन कर्मियों पर हमला करता जैसे तैसे वन कर्मियों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई. मृत मवेशी को जंगल में रखकर उसके आस-पास ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

यह पहली घटना नहीं है. पिछले एक वर्ष के दौरान इसी औंधी क्षेत्र में बाघ कई बार देखा जा चुका है और वह पहले भी मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है. खासकर निडेली गांव के आसपास बीते दो महीनों में यह तीसरी घटना है, जब बाघ ने मवेशियों पर हमला किया है।

किसान दसरू राम ने बताया कि वह खेत में जोताई कर रहा था. इसी दौरान खेत से कुछ दूर चर रहे उसके बैल पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया. बैल को घायल करने के बाद बाघ वहां से भाग गया. ग्रामीण शेर सिंह ने बताया कि घटना के दौरान वह गांव से लगे खेत की ओर मौजूद था. इसी दौरान उसकी नजर बेहद करीब बैठे एक बाघ पर पड़ी. बाघ पत्थर पर बैठा अपनी पूंछ हिला रहा था. स्थिति को भांपते हुए शेर सिंह ने अपने साथ मौजूद कुत्तों को बाघ की ओर बढ़ने का इशारा किया और खुद भी तेज आवाजें निकालकर उसे डराने की कोशिश की. कुछ देर बाद बाघ वहां से जंगल की ओर चला गया। घटना उपरांत जिले के वन मंडलाधिकारी दिनेश पटेल भी घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने मवेशी मालिक और ग्रामीणों से मुलाकात की. उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृत मवेशी का मुआवजा प्रकरण बना लिया गया है. वहीं बाघ के लगातार आमद के मद्देनजर लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह भी दी गई है. गुरुवार को देर रात तक वन कर्मी इलाके मे गश्त करते रहे. वहीं वन अफसरों की भी इस दौरान इलाके में मौजूदगी बनी रही।




चूहा- सुनती हो, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कह रहें हैं कि संसद को बाधित करने के लिए सत्तापक्ष जिम्मेदार है।

चुहिया- हां जी, लेकिन संसद का बहिष्कार तो विपक्ष ही करता है..!

## हाईकोर्ट ने रद्द की तलाक की डिक्री, कहा- सामान्य नोकझोंक नहीं हो सकते मानसिक क्रूरता का आधार



**बिलासपुर, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** तलाक के एक मामले में फैमिली कोर्ट द्वारा पति के पक्ष में दी गई तलाक की डिक्री को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने निरस्त कर दिया है. पति का दावा था कि पत्नी उसे सांवले रंग और प्राइवेट नौकरी को लेकर ताने दिया करती थी. फैमिली कोर्ट ने इसे क्रूरता मानते हुए तलाक मंजूर की थी. जिसे पत्नी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. मामले में जस्टिस प्रार्थ प्रतीम साहू और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने कहा कि पत्नी लगातार वैवाहिक संबंध बनाए रखने का प्रयास करती रही, जबकि पति ने साथ रहने की दिशा में प्रयास नहीं किए।

बिलासपुर निवासी व्यक्ति की शादी दुर्ग की महिला से हुई थी. आपसी विवाद के बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक का केस लगाया, जिसमें पति ने अपनी पत्नी पर उसके सांवले रंग और प्राइवेट नौकरी को लेकर ताने देने का आरोप लगाया था। फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद तलाक की डिक्री दी थी. फैमिली कोर्ट के आदेश को पत्नी ने हाई कोर्ट में यह कहते हुए चुनौती दी, कि उसने कभी वैवाहिक दायित्व निभाने से इनकार नहीं किया. वह सरकारी नौकरी में होने के कारण पदस्थापना वाली जगह पर रहने को मजबूर थी। पति और उसके परिवार ने दहेज की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित किया। कोर्ट ने दांपत्य संबंधों की पुर्नस्थापना के आदेश दिए।

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि पति का यह आरोप भरोसे के लायक नहीं है कि पत्नी उसके सांवले रंग या निजी नौकरी के कारण उसे पसंद नहीं करती थी. दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते थे और यदि ऐसा होता तो विवाह ही नहीं होता. सामाजिक बैठक में दोनों को एक-दूसरे के साथ रहने का अवसर देने की कोशिश की गई थी। हाई कोर्ट ने कहा कि मानसिक क्रूरता का आधार केवल छोटे-मोटे वैवाहिक मतभेद या सामान्य नोकझोंक नहीं हो सकते. सुप्रीम कोर्ट के समर घोष विरुद्ध जया घोष फैसले का हवाला देते हुए कहा कि तलाक के लिए ऐसी परिस्थितियां होना आवश्यक है, जिनसे साथ रहना असंभव हो जाए. इस मामले में ऐसे कोई ठोस तत्व सामने नहीं आए हैं।

## बढ़ते बिजली बिल एवं विद्युत समस्याओं के विरोध में कांग्रेसियो ने किया विद्युत विभाग का घेराव

### गलत रीडिंग, बिजली दरों में बढ़ोत्तरी, समय पर समस्याओं का समाधान सहित प्रमुखता से रखा गया विभिन्न मांगों




**धमतरी, 7 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बढ़ते बिजली बिल, उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस, जिला धमतरी के नेतृत्व में आज विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया गया. प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण साहू ने बताया कि पिछले कुछ समय से बढ़ते बिजली बिल, गलत रीडिंग, बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण में हो रही देरी से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज़ को प्रशासन तक पहुंचाने एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से यह लोकतांत्रिक आंदोलन आयोजित गया । उन्होंने बताया कि घेराव के दौरान बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा कर राहत देने, गलत रीडिंग एवं मनमानी बिलिंग पर रोक लगाने, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान बड़ी संख्या मे कांग्रेसी उपस्थित रहे।